एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से खनिज साधन विभाग, मध्य प्रदेश शासन, के अंतर्गत निम्नलिखित पद हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

| क्र. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | | | | | रिक्तियों में से मध्य प्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या | | | | | मध्यप्रदेश के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिको हेतु आरक्षित पद संख्या | | | | | रिक्तियों में से मध्य प्रदेश की मूल निवासी दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या | | | | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | SC | ST | OBC | EWS | UR | SC | ST | OBC | EWS | UR | SC | ST | OBC | EWS | OH | VH | HH | MD | |
| 1 | खनि निरीक्षक | 6 | 3 | 3 | 5 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 19 |
| | मुख्य भाग (87%) | 6 | 3 | 3 | 3 | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 17 |
| | प्रावधिक भाग (13%) | 2 (काल्पनिक) | - | - | 2 | - | 1 (काल्पनिक) | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 2 |

उक्त पद के कार्यस्वरूप को देखते हुए दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होंगे।

टीप :- 1. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार उपरोक्तानुसार विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक रूप में घोषित किया जाना है, इस संबंध में विभाग द्वारा आयोग को प्रेषित पत्र क्रमांक एफ 1/12/004/2022/12/1, दिनांक 28.03.2023 के अनुसार मुख्य भाग तथा प्रावधिक रूप से घोषित होने वाले पदों का विवरण का उल्लेख भी उपरोक्त तालिका में किया गया है। उक्त पदों हेतु परीक्षा में चयनित प्रावधिक अभ्यर्थी साक्षात्कार में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे एवं माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछडा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरूद्ध ही चयनित होंगे न की पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरूद्ध ।

आयोग द्वारा परीक्षा परिणाम उपरोक्तानुसार विभाजन के आधार पर घोषित किए जाएंगे । अभ्यर्थियों द्वारा उक्त विभाजन को मान्य करते हुए आवेदन पत्र भरे जाएंगे तथा साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार के पूर्व इस आशय का अभिवचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा साक्षात्कार हेतु अनर्ह किया जाएगा।

दो पद का विवरण

01 पद का नाम : खनि निरीक्षक

विभाग का नाम : खनिज साधन विभाग

श्रेणी : तृतीय श्रेणी कार्यपालिक

पद स्थिति : अस्थायी

वेतनमान : रुपये 28700-91300(7) तथा राज्य शासन द्वारा समय समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते देय होंगे।

पद के कर्तव्य : खनि रियायतों के आवेदनों पर प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन देना, स्वीकृत खनि रियायतों की वर्ष में कम से कम 2 बार जांच करना, नियमांतर्गत अभिलेखों का परीक्षण करना, रॉयल्टी निर्धारण/ वसूली की कार्यवाही करना, पहचान न हो पाने वाले खनिजों के नमूने लेकर जांच हेतु भेजना। अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण की रोकथाम करना तथा जांच के दौरान पकडे गये प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही करना। कार्यशील/शिथिल खदानों की सूची तैयार करना, खनि रियायत से संबंधित समस्त पंजियां अद्यतन कराना। प्रभार के क्षेत्र में खनिज राजस्व बकाया की वसूली में तत्परता बरतना। इसके अतिरिक्त शासन/संचालक/जिला कलेक्टर तथा उप संचालक (ख.प्र.) /खनि अधिकारी/सहायक खनि अधिकारी द्वारा समय-समय पर निर्देशित कार्य।

तीन शैक्षणिक अर्हता : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भू-गर्भ विज्ञान के साथ विज्ञान में स्नातक

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त संस्था से खनिकर्म यांत्रिकी में पत्रोपाधि (डिप्लोमा)

